तापमान

अधिकतम 34.6°C

न्यूनतम 23.0°C

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026




11 देव व लविश खो-खो प्रतियोगिता में रहे प्रथम





12 व्हाइट लिली सोसायटी में बच्चों संग लगाए पौधे

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस की क्राइम यूनिट सेक्टर-27 ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपित की पहचान जनता कॉलोनी, गोकुल धाम निवासी बिट्टू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 22 जुलाई को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि बिट्टू गांव जटवाड़ा स्थित खिजर ख्वाजा मकबरे के पास अवैध हथियार के साथ खड़ा है। पुलिस ने मौके पर आरोपी को पकड़ लिया। मुख्य सिपाही अजय की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### नीरज हत्याकांड में 7वां आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** खरखौदा क्षेत्र में नीरज उर्फ कातिया की हत्या के मामले में सोनीपत पुलिस ने सातवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान झज्जर जिले के गांव मारौत निवासी नितिन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 16 मई 2026 को खरखौदा कोर्ट में पेशी के बाद तहसील गेट के सामने कार से टक्कर मारने के बाद नीरज पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई थीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक के भाई सत्यवान की शिकायत पर थाना खरखौदा में हत्या और आपराधिक साजिश समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्ता कर चुकी है। अब फरार चल रहे नितिन को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### 12.15 लाख लूटकांड का तीसरा आरोपित पकड़ा

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने 12.15 लाख रुपये की लूट के मामले में तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी शोएब के रूप में हुई है। अदालत ने उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को मेरठ निवासी वाहन चालक अमित दिल्ली से माल की भुगतान राशि 12.15 लाख रुपये लेकर लौट रहा था। केजीपी हाईवे पर बाइक सवार दो युवकों ने, जिनमें एक पुलिस की वर्दी में था, उसे रोक लिया। दोनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए चालक की तलाशी ली, उसका मोबाइल और ड्राइविंग लाइसेंस कब्जे में लिया तथा नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस पहले ही समर और जान मोहम्मद को गिरफ्तार कर चुकी थी। अब तीसरे आरोपित शोएब को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस आरोपी से पैसे बरामद करेगी।

# बिजली-पानी संकट पर भड़के लोग पुराने रोहतक रोड पर लगाया जाम

## महिलाओं समेत बड़ी संख्या में शहरवासियों का प्रदर्शन पुलिस के आश्वासन पर 40 मिनट बाद खुला मार्ग

प्रदर्शनकारी बोले, बिना सूचना के लग रहे बिजली कट, जिससे घरों में पानी भी नहीं आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अघोषित बिजली कटौती और उससे गहराए पेयजल संकट के विरोध में वीरवार को आर्य नगर और काठ मंडी क्षेत्र के लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। महिलाओं समेत बड़ी संख्या में लोगों ने पुराने रोहतक रोड पर जाम लगाकर बिजली विभाग और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के कारण करीब 40 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम खोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली कटौती की जा रही है। बिजली नहीं रहने से पानी की मोटरें नहीं चल पा रहीं, जिससे पेयजल संकट गहरा गया है।

सुबह और शाम के समय भी बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोग पानी का भंडारण नहीं कर पा रहे हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली-पानी की दोहरी मार से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। लोगों का आरोप था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग केवल आश्वासन देता है। यदि किसी तकनीकी कारण से बिजली आपूर्ति बाधित होती है तो इसकी पूर्व सूचना भी नहीं दी जाती। लगातार कटौती से घरेलू कामकाज, छोटे कारोबार और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्षेत्र में बिजली और पेयजल संकट लंबे समय से बना हुआ है। नियमित बिजली आपूर्ति होने पर पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। उन्होंने अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने, बिजली व्यवस्था में सुधार और पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रशासन से समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर बिजली और पानी की व्यवस्था सुधारने की भी मांग की।



**सोनीपत।** शहर के पुराने रोहतक रोड पर जाम लगाती महिलाएं।

### दोपहर 12 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन, वाहनों की लगी कतारें

दोपहर करीब 12 बजे लोगों ने पुराने रोहतक रोड पर बैठकर जाम लगा दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम का असर आसपास के मार्गों पर भी पड़ा। मिशन चौक की ओर जाने वाले रेलवे ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव बढ़ने पर पुलिस ने कुछ समय के लिए उस ओर से वाहनों की आवाजाही रोक दी और ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से निकाला। जाम की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी अशोक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। करीब 40 मिनट तक चले प्रदर्शन के बाद लोगों ने जाम समाप्त कर दिया।

## सुविधाओं में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, 10 दिन में मांगी प्रगति रिपोर्ट



- विधायक निखिल मदान और उपायुक्त नेहा सिंह ने बिजली, सड़क, सीवरेज, जलनिकासी व अतिक्रमण पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**सोनीपत।** सोनीपत विधानसभा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर विधायक निखिल मदान और उपायुक्त नेहा सिंह ने गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बिजली, सड़क, सीवरेज, जलनिकासी, अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने 10 दिन बाद दोबारा समीक्षा बैठक कर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में बिजली व्यवस्था की समीक्षा करते हुए शहर में नए ट्रांसफार्मर लगाने और 33 केवी सब-स्टेशन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। ओल्ड तहसील, सेक्टर-8 और सेक्टर-12 में भूमि संबंधी मामलों को लेकर जिला राजस्व अधिकारी और एचएसवीपी अधिकारियों को जल्द प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मामा-भांजा रोड, आईटीआई रोड, मुरथल रोड और कामी रोड समेत प्रमुख सड़कों की मरम्मत कराने, गड्ढे भरने और जरूरत वाले स्थानों पर सीसी सड़क निर्माण के निर्देश दिए।

# पठानकोट एक्सप्रेस के आगे कूदे महिला व युवक



**गन्नौर।** स्टेशन पर रखे दोनों के शव के साथ पुलिस कर्मचारी।

पड़ोसी थे दोनों, महिला दो बच्चों की मां थी, परिवार में मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शहर के रेलवे स्टेशन पर वीरवार को एक विवाहित महिला और उसके पड़ोसी युवक ने पठानकोट एक्सप्रेस के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रेलवे स्टेशन और ट्रैक के आसपास लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अगवानपुर रोड रहने वाली 26 वर्षीय तन्नू और उसके पड़ोसी 28 वर्षीय विनोद के रूप में हुई है। तन्नू विवाहित थी और दो बच्चों की मां थी। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया और स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और पठानकोट एक्सप्रेस के आने पर उसके सामने छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया, साक्ष्य जुटाए और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में भिजवा दिया। पुलिस ने मृतकों के स्वजन को भी सूचना दे दी है।

### पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे

जीआरपी थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक और युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजन को सौंप दिए जाएंगे। पुलिस स्वजन के बयान दर्ज कर मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है

# केएमपी पर बाइक सवार के गले में उलझी पतंग की डोर, गर्दन कटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

- दर्द के कारण बाइक से नीचे गिरा युवक
- अस्पताल में चल रहा उपचार

पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे खतरनाक मांझे ने बाइक सवार युवक की गर्दन काट दी। गनीमत रही कि समय रहते युवक ने मोटरसाइकिल धीमी कर दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद परिजनों ने प्रशासन से जानलेवा मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। बलीकुतुबपुर गांव निवासी अमर सरोहा के पिता और जैन स्कूल में शारीरिक शिक्षक बिजेंद्र सरोहा ने बताया कि उनका बेटा गाजियाबाद के टोनिका सिटी में काम शुरू किया है। दो दिन पहले वह मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहा था। उसके पीछे उसके मामा का बेटा दीपक मलिक भी वाहन से आ रहा था। उन्होंने बताया कि केएमपी पर अचानक पतंग का मांझा अमर के हेलमेट से टकराया। उसने तुरंत मोटरसाइकिल की रफ्तार कम कर दी। इसके बाद मांझे की डोर नीचे आकर उसकी गर्दन में उलझ गई और गर्दन पर गहरा कट लग गया। दर्द के कारण वह बाइक से गिर गया। पीछे आ रहे दीपक ने तुरंत वाहन रोककर उसे संभाला और गर्दन में फंसे मांझे को हटाया। इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों ने बताया कि यदि अमर ने समय रहते बाइक की गति कम नहीं की होती तो उसकी गर्दन गंभीर रूप से कट सकती थी।



**गन्नौर।** अस्पताल में उपचाराधीन अमर।

## फर्जी बिलों से नकली इनवर्टर बेचने का आरोप, चार पर केस

**सोनीपत।** सफियाबाद स्थित सोलर उपकरण निर्माता कंपनी सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड की शिकायत पर पुलिस ने कंपनी के दो कर्मचारियों समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी के नाम पर कथित रूप से नकली इनवर्टर बेचने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि तुषार गुप्ता ने अकबरपुर बारोटा पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि कंपनी में पीपीसी मैनेजर विजय कुमार और एससीएम हेड गगनदीप ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कंपनी के बिलिंग सिस्टम और गोपनीय रिकॉर्ड का गलत इस्तेमाल किया। शिकायत के अनुसार दोनों कर्मचारियों ने कंपनी के नाम से कथित तौर पर फर्जी बिल और इनवॉइस तैयार कर उन्हें श्री श्याम एंटरप्राइज और उसके संचालक साहिल सिंगला तक पहुंचाया। इन दस्तावेजों के आधार पर कंपनी के नाम और ब्रांड का इस्तेमाल कर बाजार में कथित नकली इनवर्टर बेचे गए। कंपनी की आंतरिक जांच में इनवॉइस नंबर, जीएसटी विवरण और बिक्री रिकॉर्ड की जांच की गई तो संबंधित बिल किसी अधिकृत बिक्री या डिस्पैच से जुड़े नहीं मिले। कंपनी का आरोप है कि इस कथित फर्जीवाड़े से उसे आर्थिक नुकसान के साथ प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा है।

# रेलवे रोड पर तेज रफ्तार आर्टिका मैकेनिक और युवक पर पलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शहर के रेलवे रोड पर बुधवार शाम तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार युवक और दुकान पर काम करने वाला मैकेनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने कार के नीचे दबे मैकेनिक को बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना शाम करीब चार बजे की है। श्रीराम इलेक्ट्रिक के संचालक सुनील कुमार ने बताया कि वह अपने मैकेनिक जयकरण के साथ दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान जयकरण सामान लेने के लिए दुकान से बाहर निकला था। तभी तेज गति से आ रही अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसकी चपेट में जयकरण आ गया। दुकानदार ने बताया कि कार में तीन से चार युवक सवार थे। स्थानीय लोगों ने कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला। आरोप है कि बाहर आने के बाद युवक बहस करने लगे। इसके बाद दुकानदार ने डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने कार को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करवा दिया। जांच अधिकारी जयवीर ने बताया कि कार चालक गांव सांदल कलां का रहने वाला है।



### कार की टक्कर में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**गन्नौर।** शहर के नमस्ते चौक के पास सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव आहुलाना निवासी शमशेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जुलाई को वह अपनी पत्नी सोनिया और बेटी प्राची के साथ गन्नौर तहसील आए थे। जब पत्नी और बेटी नमस्ते चौक के पास सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज गति से आ रही कार ने दोनों को टक्कर मार दी।

# मां के पास जाने की जिद कर रहा था मासूम स्कूल संचालक की पत्नी ने बेरहमी से पीटा

## ककरोई के निजी स्कूल का मामला, उत्पीड़न का शिकार हुए बच्चे की मां भी उसी स्कूल में टीचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ककरोई स्थित एक निजी स्कूल में नर्सरी के पांच वर्षीय छात्र के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बच्चे की मां ने स्कूल संचालक की पत्नी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

### पुलिस ने मेडिकल करवाया

शिकायत के बाद बच्चे का नागरिक अस्पताल में मेडिकल कराया गया है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गांव भदाना निवासी वंदना ने बताया कि वह संबंधित स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। उनका पांच वर्षीय बेटा उसी स्कूल में नर्सरी कक्षा का छात्र है। उनके अनुसार बच्चा किसी बात को लेकर उनके पास आने की जिद कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान स्कूल संचालक की पत्नी ने बच्चे के साथ मारपीट की। परिजनों का कहना है कि बच्चे की पीठ, कमर, मुंह और कान पर चोट के निशान दिखाई दिए, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल ले जाया गया और मेडिकल कराया गया। महिला ने बताया कि स्कूल में दाखिले के समय उन्होंने प्रबंधन को बच्चे की चिकित्सकीय स्थिति के बारे में जानकारी दी थी और उसके साथ किसी प्रकार की सख्ती या मारपीट नहीं करने का अनुरोध भी किया था। सदर थाना प्रभारी सुखबीर ने बताया कि परिजनों की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चार वर्षीय मासूम की मौत सर्पदंश की आशंका

**सोनीपत।** इंद्रा कॉलोनी में चार वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद घर के अंदर सांप दिखाई देने से परिजनों ने आशंका जताई कि बच्ची की मौत सर्पदंश के कारण हुई है। हालांकि प्रारंभिक स्तर पर बच्ची के शरीर पर सांप के काटने के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इंद्रा कॉलोनी निवासी अमीर की चार वर्षीय बेटी सिदरा की वीरवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने बताया कि अस्पताल से वापस घर लौटने पर मकान के अंदर एक सांप दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने आशंका व्यक्त की कि संभव है बच्ची को सांप ने काट लिया हो।

## साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने के आरोप में दो पर केस

- म्यूल अकाउंट नेटवर्क की जांच तेज, संदिग्ध लेनदेन और डिजिटल साक्ष्य खंगाल रही पुलिस

**सोनीपत।** साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस ने गन्नौर क्षेत्र के दो युवकों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। दोनों युवक एक ही गांव के रहने वाले और आपस में मित्र बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार दोनों पर साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने का आरोप है। इससे पहले गोहाना क्षेत्र के एक युवक के खिलाफ भी इसी तरह का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार 14-सी पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध बैंक खातों की जांच के दौरान इंडियन बैंक, रेलवे रोड गन्नौर शाखा में संचालित एक खाते की जानकारी सामने आई। जांच में यह खाता गन्नौर निवासी रोहित के नाम पर मिला। पुलिस के मुताबिक इस खाते से जुड़े मामले में ओडिशा, तमिलनाडु, झारखंड, असम और कर्नाटक समेत कई राज्यों में छह साइबर शिकायतें दर्ज हैं। बैंक रिकॉर्ड की जांच में खाते से करीब 13.26 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन सामने आया। पुलिस पूछताछ में रोहित ने कथित तौर पर बताया कि उसने अपना बैंक खाता, डेबिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी राजस्थान निवासी एक व्यक्ति को चार हजार रुपये के बदले उपलब्ध कराई थी। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह पुलिस ने गन्नौर निवासी पवन के खिलाफ भी अलग प्राथमिकी दर्ज की है। जांच में उसके बैंक खाते से साइबर ठगी से जुड़े करीब 8.83 लाख रुपये के लेनदेन का पता चला है। पुलिस का आरोप है कि पवन कमीशन के बदले अपने खाते का इस्तेमाल कर रकम को आगे भेजता था।




जानकारी / शिखर चंद जैन

# आकाश के सुपरहीरो भरते हैं लंबी-ऊंची उड़ान



दुनिया में कुछ ऐसे कमाल के पक्षी हैं, जो हजारों किलोमीटर तक लगातार उड़ सकते हैं। कोई पक्षी लंबे समय तक बिना कुछ खाए भी उड़ सकता है तो कोई हवा में सो भी सकता है, तो कोई बिना रुके समुद्र पार कर जाता है। आओ, आकाश के इन सुपरहीरो पक्षियों की हैरतअंगेज उड़ानों के बारे में जानें।

## अल्बाट्रॉस बादलों का ग्लाइडर

**बादलों का** ग्लाइडर कहलाने वाला अल्बाट्रॉस अपने विशाल पंखों की मदद से बिना पंख फड़फड़ाए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। कुछ अल्बाट्रॉस एक ही यात्रा में 15,000 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं। इसके पंख लगभग 11 फीट तक के होते हैं, जो अन्य पक्षियों की तुलना में काफी बड़े होते हैं। *

## बार-टेल्ड गॉडविट वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर



**लंबी उड़ान** भरने के मामले में बार-टेल्ड गॉडविट प्रजाति के एक पक्षी बी6 ने अमेरिका के अलास्का से ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया तक 13,560 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में बिना खाए-पिए, बिना रुके तय की थी, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उड़ान भरने से पहले यह पक्षी इतना ज्यादा खाता है कि एक 'फूला हुआ गुब्बारा' जैसा दिखता है। फिर यह पक्षी भोजन से प्राप्त चर्बी (फैट) को ईंधन की तरह इस्तेमाल करता है। अपनी उड़ान के समय यह लंबे समय तक भूखा-प्यासा रह सकता है। अपने आंतरिक अंगों को सिकोड़ लेता है ताकि हल्का महसूस कर सके। *

## रेड नॉट टेनिस बॉल जैसा नन्हा पक्षी



**रेड नॉट** आकार में एक छोटे-से टेनिस बॉल जैसा होता है। लेकिन यह बहुत साहसी पक्षी होता है। यह पक्षी प्रवास के दौरान लंबी दूरी की नॉन-स्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी साइज को देखकर बच्चो तुम इमेजिन भी नहीं कर सकते कि यह हर साल आर्कटिक से दक्षिण अमेरिका तक 15,000 किलोमीटर का सफर तय करता है। खास बात यह है कि प्रवास के दौरान इसका वजन दोगुना हो जाता है, फिर यात्रा खत्म होते-होते यह दोबारा बिल्कुल दुबला हो जाता है। *

## आर्कटिक टर्न उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव का वार्षिक सफर




**अपनी प्रवास** यात्रा के दौरान यह अद्भुत पक्षी लगभग 70,000 से 90,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर लेता है। यह दूरी दुनिया में किसी भी अन्य प्रजाति के पक्षी द्वारा प्रवास के दौरान तय की जाने वाली दूरी से काफी अधिक है। बीच-बीच में यह पक्षी आराम करने और भोजन करने के लिए रुकता भी है। बच्चो, अगर दुनिया घूमने का कोई इनाम होता, तो वह इस पक्षी को ही मिलता। हर साल यह पक्षी उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाता है। अपने जीवनकाल में यह इतना ज्यादा उड़ता है कि पृथ्वी से चांद के तीन चक्कर लगाने के बराबर है। *

## कॉमन स्विफ्ट उड़ते हुए सो लेता है



**यह पक्षी** अपने जीवन का अधिकांश समय हवा में ही बिताता है। यह बिना जमीन को छुए लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। यह पक्षी जमीन पर बहुत कम आता है। यह अपना खाना, पीना और यहां तक कि सोना भी उड़ते हुए ही करता है। कमाल की बात यह है कि कॉमन स्विफ्ट अपना आधा दिमाग सुलाकर उड़ते-उड़ते झपकी ले लेता है। *

## ग्रेट फ्रिगेटबर्ड कई हफ्तों उड़ता है समुद्र के ऊपर



**'समुद्री डाकू'** के नाम से मशहूर यह पक्षी कई हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ता रहता है, लेकिन मजेदार बात यह है कि यह तैर नहीं सकता, क्योंकि इसके पंख पानी में भीगने पर भारी हो जाते हैं। यह बादलों के बहुत ऊपर करीब 4,000 मीटर तक उड़ सकता है। यह दूसरे पक्षियों को डराकर उनका खाना छीन लेता है। यह पक्षी हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ सकता है और हवा में सो भी सकता है। *

## ग्रेट स्नाइप रॉकेट बर्ड



**जहां दूसरे** पक्षी धीरे-धीरे उड़ते हैं, वहीं ग्रेट स्नाइप नामक यह पक्षी अपनी रफ्तार के लिए मशहूर है। यह 97 किमी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से उड़ सकता है। इसीलिए इसे 'रॉकेट बर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी अपनी पूरी यात्रा बिना रुके और बिना रास्ता भटके पूरी करता है। *

# और खाओ रसगुल्ले!





छोटी कहानी
शिव मोहन यादव

**मो**हन अकसर ही किसी हलवाई की दुकान पर जाता, वहां मिठाई खरीदने के बहाने दूसरी किसी मिठाई को चुपके से चट कर जाता।

एक दिन मोहन अपने एक मित्र माधव से बोला, 'मुझे हलवाई की दुकान से आधा किलो लड्डू लेने हैं। देखना मैं किस तरह कितने मजे से किसी दूसरी मिठाई पर हाथ मारूंगा।'

माधव ने रोका, 'नहीं यार, यह बात ठीक नहीं है। यह तो चोरी है।'

मोहन बोला, 'देख यार, खाने वाली चीजों की चोरी को चोरी नहीं कहा जाता।'

माधव ने साफ-साफ कहा, 'देखो मोहन, कल तुमने लड्डू उठाकर जेब में डाल लिया था। एक दिन का ही गया। रोज-रोज ऐसा करना शोभा नहीं देता। अगर तुमको किसी मिठाई पर हाथ साफ करना है तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊंगा, दूर खड़ा रहूंगा।'

'ठीक है, तुम दूर खड़े रहना।' कहकर मोहन धनश्याम हलवाई की दुकान के भीतर चला गया। 'काका, जरा आधा किलो लड्डू तौल दीजिए।' मोहन ने कहा तो धनश्याम हलवाई चेहरे पर मुस्कान लिए लड्डू तौलने के लिए डिब्बा उठाने लगा। दुकान तरह-तरह की मिठाइयों से सजी थी। ताजी जलेबी, रसगुल्ले-गुलाबजामुन की महक से आस-पास के वातावरण में खुशबू बिखरी हुई थी। सफेद कलाकंद, काजू कतली, रसमलाई जैसी मिठाइयां भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। कुछ मिठाइयों पर मधुमक्खियां भी भिनभिना रही थीं। जैसे ही हलवाई काका ने डिब्बे में लड्डू रखकर तौलने के लिए अपनी नजरें दूसरी ओर घुमाईं, इतने में मोहन ने सामने बर्तन में रखे रसगुल्लों में से एक रसगुल्ला अपने मुंह के हवाले कर लिया।

लेकिन यह क्या! जैसे ही रसगुल्ला मुंह में गया, उसके साथ एक मधुमक्खी भी मुंह में चली गई। उसने मोहन की जीभ पर काट लिया। वह बिलबिला गया। अब मोहन न तो रसगुल्ले को निगल पा रहा था, न ही उगल पा रहा था। बर्दाश्त करने की भी एक हद होती है, इतनी देर में मधुमक्खी ने जीभ में दूसरी जगह भी काट लिया। अचानक चिल्लाते हुए मोहन ने रसगुल्ले को उगल दिया।

माधव दूर खड़ा यह सब देख रहा था। उसके मुंह से अचानक हंसी छूट गई। इधर हलवाई काका जब तक कुछ समझते, तब तक सामने पड़ा रसगुल्ला उन्हें दिखाई दे गया। सामने मोहन का चेहरा देखकर उन्हें सब कुछ समझते देर न लगी। वह भी मुस्कुरा दिए। दूसरे लोगों ने पूछा, 'बेटा क्या हो गया?'

मोहन ने रुआंसा होकर बताया, 'मधुमक्खी ने काट लिया।'

इतने में माधव आ गया, हंसते हुए बोला, 'और खाओ रसगुल्ले!'

आस-पास के लोगों ने सारी बात समझी तो मोहन के भोलेपन पर हंस पड़े। तभी हलवाई काका मोहन को आधा किलो लड्डू देते हुए बोले, 'बेटा, रसगुल्ला ही खाना था तो मुझसे बोल देते। मैं तुम्हें सावधानी से रसगुल्ला निकालकर दे देता। ऐसे चोरी से...।'

'काका, गलती हो गई, आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा, सॉरी।' मोहन झेंपते हुए बोला। उधर पास खड़ा माधव हंसते हुए बोला, 'मना किया था, लेकिन तुम माने नहीं, नतीजा सामने है!' *

तुम्हारे लिए नई किताब / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# प्यारी कविताओं का संग्रह



**ब**च्चो, बाल साहित्य की लोकप्रिय विधाओं में से एक है बाल कविता। तुमको कविताएं पढ़ने में खूब मजा आता है न! बाल कविता अगर लय, तुक, ताल, छंद से सजी हो तो फिर बात सोने पे सुहागा वाली हो जाती है। 'चंदा थाली में' हाल में छपकर आई बाल कविताओं की एक ऐसी ही किताब है। इसके रचनाकार हैं प्रसिद्ध गीतकार, गजलकार नरेंद्र भूषण। इस किताब में कुल अट्ठाइस कविताएं संग्रहित हैं। सभी कविताओं के विषय बच्चों के परिवेश और रुचियों के अनुसार लिए गए हैं, जैसे- चंदा मामा, बादल, टॉफी, चींटी रानी, घड़ी, मोबाइल, पेड़, नदी, सूरज, इंद्रधनुष, नील गगन आदि।

संग्रह की सभी कविताएं गेय (गाने योग्य) और आसानी से याद किए जाने योग्य हैं। जैसे- 'चंदा नभ में आया देखो, तारों को संग लाया देखो।' या 'नदी बह रही कल-कल, कल-कल, हम सब तक पहुंचाती है जल।' या फिर 'मेरे छत पर आती चिड़िया, चूं-चूं गीत सुनाती चिड़िया।' ये पंक्तियां तुम्हें पढ़ते-पढ़ते ही याद हो जाएंगी। कविताओं की भाषा सहज, सरल और प्रवाहमय है। यह पूरी पुस्तक बहुरंगी है। हर कविता के साथ उसके विषय वस्तु के अनुरूप आकर्षक रंगीन चित्र बने हैं, जो पुस्तक की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। *

**किताब :** चंदा थाली में (बाल कविता संग्रह), **लेखक :** नरेंद्र भूषण, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

## हंसगुल्ले



**चिंटू:** जो कार को ड्राइव करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू:** कार ड्राइवर।
**चिंटू:** जो कार रिपेयर करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू:** कार मैकेनिक।
**चिंटू:** और जो कार को पेंट करता है, उसे?
**मिंटू (कुछ देर सोचने के बाद):** कारपेंटर!

-रजनी, दिल्ली

**सोनू:** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मोनू:** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।

-कुशल, रोहतक

## जीके क्विज-215



1. फीफा (फुटबॉल) वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल मुकाबला किस देश ने जीता?
2. हाल में ही विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
3. हाल में ही लॉन्च किए गए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट का नाम क्या है?
4. असम की राजधानी कहां है?
5. देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
6. चाणक्य को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
7. 31 जुलाई को किस प्रसिद्ध हिंदी लेखक की जयंती मनाते हैं?
8. भारत में सोयाबीन का उत्पादन सबसे अधिक किस राज्य में होता है?
9. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिया था?
10. कारगिल विजय दिवस कब मनाते हैं?

बच्चो, जीके क्विज-215 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-214 का उत्तर :** 1. अश्वथ एस , 2. 23.5 डिग्री, 3.ऑस्ट्रेलिया, 4.नितिन गडकरी, 5.H2O, 6.लुंबिनी (नेपाल), 7.फीमर, 8.गंगा डॉल्फिन, 9.आईएनएस महेंद्रगिरि, 10.मुंडकोपनिषद

**जीके क्विज-214 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, जिया शिया-रायगढ़, नीटू-बैकुंठपुर, मान्या-दिल्ली, ज्योति-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, तेजस्वी-दुर्ग, कशिश-रोहतक, सचिन-बिलासपुर



कहानी
अलका जैन 'आराधना'

राजू अपनी रंग- बिरंगी छतरी सब्जी वाले के यहां भूल आया था। लेकिन रास्ते में जब उसे एक लड़की के पास वैसी ही रंग- बिरंगी छतरी दिखी तो उसने उससे छीन ली। राजू घर पहुंचा तो पता चला बच्ची से छीनी छतरी उसकी नहीं, बच्ची की ही थी। तो फिर राजू की छतरी कहां गई, क्या उसे अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी मिल पाई?

# रंग-बिरंगी छतरी



**रा**जू को बारिश में भीगने का बड़ा शौक था। लेकिन मम्मी उसे बारिश में भीगने ही नहीं देती थीं। उस दिन राजू ने मम्मी से कहा, 'प्लीज मम्मी, आज तो भीगने दो। देखो ना कितनी प्यारी बारिश हो रही है।'

'नहीं बेटा, तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी। फिर स्कूल नहीं जा पाओगे और ढेर सारा होमवर्क इकट्ठा हो जाएगा। फिर टीचर की डांट भी सुननी पड़ेगी।' मम्मी ने राजू की बात नहीं मानी।

'पर मम्मी, मैं सारा होमवर्क कर लूंगा और तबीयत क्यों खराब होगी। मैं तो सुपरबॉय हूं।' राजू ने मम्मी को मनाने की कोशिश की, फिर भी मम्मी ने हां नहीं की।

एक दिन मम्मी ने कहा, 'राजू बेटा, बाजार से एक किलो आलू ले आओ।'

राजू ने पैसे जेब में रखे और बाहर निकलने लगा, तभी मम्मी ने रोका, बोलीं, 'ये लो थैला और साथ में छतरी भी लेते जाओ, क्या पता कब बारिश आ जाए? लेकिन ध्यान रखना, कहीं छतरी सब्जी वाले के पास भूल मत आना।'

राजू एक हाथ में थैला और एक हाथ में अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी लेकर आलू लेने चल पड़ा। रास्ते में उसे एक छोटी बच्ची दिखी। वो इधर-उधर कुछ ढूंढ रही थी। राजू ने उसे देखा और आगे बढ़ गया। उसने जल्दी से आलू लिए और वापस घर की ओर चल दिया। कुछ दूर आया ही था कि उसे याद आया कि अपनी छतरी तो सब्जी वाले के पास ही छोड़ आया है। राजू भागा-भागा वापस सब्जी वाले के पास गया, लेकिन वहां छतरी नहीं थी।

राजू को समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करे? क्या मम्मी की डांट का डर सता रहा था। वह धीरे-धीरे घर की तरफ बढ़ने लगा। तभी उसकी नजर उसी बच्ची पर पड़ी, जिसके हाथ में ठीक वैसी ही रंग-बिरंगी छतरी थी, जैसी उसकी थी। राजू भागकर उसके पास गया, बोला, 'अरे! यह तो मेरी छतरी है। मुझे वापस दो।'

बच्ची चौंकी, 'यह छतरी तुम्हारी कैसे है, यह तो मेरी है।'

'पर जब मैंने तुम्हें पहले देखा था तब तुम्हारे हाथ में कोई छतरी नहीं थी। और अब जो छतरी तुम्हारे पास है, वह मेरी है।' राजू ने कहा। बच्ची दृढ़ता से बोली, 'मैं सच कह रही हूं। यह मेरी छतरी है।'

राजू ने बिना कुछ सुने उसके हाथ से छतरी छीन ली और घर की ओर भाग गया। घर पहुंच कर उसने मम्मी को सब्जी वाले के पास छतरी छूटने की बात बताई, यह भी बताया, 'मम्मी, एक बच्ची मेरी छतरी लेकर भाग रही थी। मैंने उससे अपनी छतरी छीन ली।' मम्मी ने डांटा, 'मैंने कहा था न कि छतरी संभाल कर रखना।'

राजू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। अपनी फेवरेट छतरी को एक कोने में रखकर वह अपना स्कूल होमवर्क करने लगा। तभी बाहर दरवाजे की घंटी बजी। राजू ने देखा, मम्मी किसी आंटी से हंस-हंस कर बात कर रही थीं। उसे आंटी की आवाज सुनाई दी, 'अजीब बात है। मेरी बच्ची बाहर अपना खोया कंगन ढूंढ रही थी। उसी वक्त कोई लड़का आया और उसकी छतरी छीन कर भाग गया।'

मम्मी ने पूछा, 'क्या वो रंग-बिरंगी छतरी थी?' 'हां बिल्कुल वो रंग-बिरंगी छतरी थी, उसकी सबसे पसंदीदा थी।' उन आंटी ने बताया।

मम्मी तेजी से राजू के कमरे में गईं। उन्होंने राजू की रखी छतरी उठानी चाही। राजू ने मम्मी को रोका, 'मम्मी, यह मेरी ही छतरी है।'

मम्मी ने छतरी लेकर आंटी को दिखाई, 'क्या यह वही छतरी है?'

'हां- हां यही है पर यह आपके पास कैसे आई?' आंटी ने आश्चर्य से पूछा।

मम्मी ने सारी बात बताई और बोलीं, 'शायद मेरे बेटे को कोई गलतफहमी हो गई थी। उसने सोचा यह उसकी छतरी है।'

आंटी मुस्कुराते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं। बच्चों से ऐसी गलतियां हो ही जाती हैं।'

उसी वक्त फिर घंटी बजी। दरवाजा खोला तो राजू का दोस्त बबलू खड़ा था। उसके हाथ में भी एक रंग-बिरंगी छतरी थी। बबलू बोला, 'आंटी, यह राजू की छतरी है। मैंने उसे सब्जी वाले के पास छतरी छोड़कर आते देखा था। आवाज दी पर उसने सुना नहीं। मैंने सब्जी वाले से छतरी ले ली। अब देने आया हूं।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'तो इसका मतलब राजू को सच में गलत फहमी हो गई थी। चलो दोनों छतरियां मिल गईं।'

राजू शर्मिंदा-सा बाहर आया। आंटी से बोला, 'सॉरी आंटी। मैंने बिना सोचे-समझे आपकी बेटी से छतरी ले ली।'

आंटी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा। गलती मान लेना ही सबसे बड़ी बात है।'

राजू तुरंत अपने कमरे में जाकर एक चॉकलेट लेकर आया और बोला, 'आंटी, यह मेरी तरफ से आपकी बेटी के लिए। सॉरी बोल दीजिएगा।'

आंटी बोलीं, 'शाम को वो पार्क में खेलने आएगी। तुम वहीं मिलकर उसे अपने हाथों से चॉकलेट देकर सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेना।'

राजू मन ही मन खुश हुआ। उसकी प्यारी छतरी मिल गई थी। साथ ही एक नई दोस्ती का रास्ता भी बन गया था। *

कविता
राजा चौरसिया




## वर्षा आई रे

रिमझिम-रिमझिम, झड़ी, झमाझम
वर्षा आई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
गर्मी भागी पूंछ दबाए
सूरज लुकाछिपी करते हैं।
सब दिन नहीं एक से रहते
बात ध्यान में सब धरते हैं।
कारे-कजरारे बादल
दे रहे दिखाई रे।
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
सभी ओर नदियों, नालों में
भरा हुआ पानी ही पानी।
अपनी सौंधी गंध बिखेरे
धरती आज हो गई धानी।
मोर नाचकर जंगल को
दे रहे बधाई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मेंढक, कीट-पतंगों का शिकार कर रहा है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.मेंढक ने जो डाल पकड़ी है, उस पर लगा फल छोटा है। 2. मेंढक के निचले बाएं पैर (पश्चपाद) की बीच वाली अंगुली छोटी है। 3. मेंढक के अगले बाएं पैर (अग्रपाद) की अंगुलियां मुड़ी हुई हैं। 4.दाईं तरफ मेंढक की जीभ के नीचे उड़ रहा पतंगा गायब है। 5.मेंढक की दाईं आंख की पुतली ऊपर की तरफ है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचना है। लेकिन फूलों तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप



### समस्या से त्रस्त महिलाएं नाराज होकर समाधान शिविर से लौटीं

**खरखौदा।** संतोष के नेतृत्व में वार्ड -1 की महिलाओं ने बृहस्पतिवार को समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की, लेकिन सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए नाराज होकर वापस लौट गईं। महिलाओं का नेतृत्व संतोष ने किया। समाधान शिविर उन्हें नगर पालिका कार्यालय भेजा गया जहां पर अधिकारी नहीं मिला। महिलाओं ने बताया कि अंबेडकर चौक के सामने से रोहतक रोड से बाईपास तक जाने वाली गली वर्षों से बदहाल है। गली जगह-जगह से टूटी हुई है, गड्ढों में कीचड़ भरा रहता है, सीवर व्यवस्था ठप है, जल निकासी नहीं होने से आसपास के प्लॉटों में पानी भर जाता है व बिजली की लाइनें भी नीचे लटकी हुई हैं। उनका आरोप था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो नगर पालिका और न ही जन प्रतिनिधियों ने कोई ठोस कार्रवाई की। इंतजार कर रही महिलाओं के सामने से जब एसडीएम साहब जाने लगे तो उन्होंने एसडीएम साहब से अपनी मांग रखी। महिलाओं ने सरकार के 'समाधान शिविर' पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि जब शिकायतें सुनने और उनका समाधान करने का दावा किया जाता है।

### अधिकारियों की टीम ने फैक्टरियों से लेकर डीलरों तक किया निरीक्षण

# टीम ने कुंडली व मुरथल में छापेमारी कर लिए खाद व दवाओं के सैंपल

**रिपोर्ट के आधार पर कोई भी सैंपल गुणवत्ता पर खरा नहीं उतरा, तो लिया जाएगा कड़ा संज्ञान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





सोनीपत। मुरथल क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान सैंपल लेती मुख्यालय से आई कृषि विभाग की टीम, सोनीपत के कुंडली क्षेत्र में निरीक्षण में सैंपल लेती मुख्यालय से आई कृषि विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

खरीफ सीजन के चलते बाजारों में खाद व दवाओं की डिमांड बढ़ती जा रही है। किसान खेतों में उगाने वाली धान, कपास सहित विभिन्न फसलों में बारिश के पश्चात खाद का छिड़काव कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न फसलों को बीमारियों से बचाने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। ऐसे में कृषि विभाग की ओर से किसानों को बेहतर गुणवत्ता के खाद व दवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के अधिकारी दुकानों पर मुहैया करवाए जा रहे गुणवत्तापूर्ण खाद व दवाओं के बिक्री को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं। बता दें कि कृषि विभाग की ओर से खरीफ सीजन में किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही बाजारों में उपलब्ध खाद, बीज व दवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। इसको लेकर लगातार दुकानों पर छापेमारी का अभियान जारी है। इसी उद्देश्य के साथ वीरवार को मुख्यालय से संयुक्त निदेशक अनिल सहरावत के नेतृत्व में पहुंची टीम ने कुंडली, मुरथल सहित कई क्षेत्रों में छापेमारी करके खाद व दवाओं के सैंपल एकत्रित किए। सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। यदि आगामी रिपोर्ट के आधार पर कोई सैंपल गुणवत्ता पर खरा नहीं पाया गया, तो संबंधित दुकानदारों पर कड़ा संज्ञान लिया जाएगा। मुख्यालय से आई टीम ने पहले धतुरी, कुंडली क्षेत्र में स्थित खाद व दवा बनाने की फैक्टरियों में छापेमारी की। इसके बाद मुरथल व कुंडली के डीलरों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में टीम ने खाद के 2 और दवा के 4 सैंपल एकत्रित किए।

#### खाद के साथ अन्य वस्तु जबरदस्ती बेचने पर होगी कार्रवाई

गौरतलब है कि सोनीपत में खरीफ सीजन के दौरान करीब 49 हजार एमटी यूरिया की खपत होती है। इसके अलावा काफी किसान कीटनाशक दवाओं की भी खरीद करते हैं। कृषि विभाग ने किसानों को अनावश्यक रूप से खाद या दवाओं का छिड़काव न करने की अपील की है। वहीं विक्रेताओं को निर्देश दिए है कि किसानों को खाद के साथ कोई अन्य वस्तु जबरदस्ती बेचने का प्रयास न करें। अधिकारियों ने किसानों का आह्वान किया कि वह जिस भी फैक्टरी, डीलर या फिर भी किसी भी विक्रेता के पास से खाद, बीज या दवा खरीदें, तो पक्का बिल जरूर प्राप्त करें। बिना पक्के बिल के गुणवत्ता कम पाए जाने पर उचित कार्रवाई में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### सैंपल लैब भेजने की तैयारी की जा रही

*मानसून की बारिश के बाद खाद व दवाओं की डिमांड बढ़ जाती है। खरीफ सीजन में किसानों ने धान, कपास, ज्वार, गन्ना सहित विभिन्न फसलों की बिजाई व रोपाई का कार्य कर लिया है। ऐसे में किसानों को बेहतर गुणवत्ता का खाद व दवा उपलब्ध करवाने के लिए विशेष जांच अभियान जारी है। वीरवार को कुंडली, मुरथल सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण करके सैंपल एकत्रित किए गए, जिन्हें लैब भेजने की तैयारी की जा रही है। आगामी दिनों में अभियान जारी रहेगा।*

*-अनिल सहरावत, संयुक्त निदेशक, कृषि विभाग, पंचकूला*

## न्यूज डायरी



### खेल प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ी सम्मानित

**गोहाना।** जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बुटाना में आयोजित खंड स्तरीय खेलों में दून पब्लिक स्कूल, गोहाना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। विजेताओं को स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने सम्मानित किया। खेलों में विद्यालय की लड़कियों की खो-खो टीम ने द्वितीय स्थान, लडक़ों की खो-खो टीम ने पहला स्थान और लडक़ों की क्रिकेट टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुक्केबाजी प्रतियोगिता में देवांश ने स्वर्ण पदक और सविन एवं गर्वित ने रजत पदक प्राप्त किए। योग प्रतियोगिता में नित्या और आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

### देव व लविश खो-खो प्रतियोगिता में रहे प्रथम



**गोहाना।** एचबीएसई स्कूली खंड स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां के छात्र देव और लविश प्रथम रहे। दो खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया। खंड स्तरीय खेलों में छात्र देव ने अंडर-14 आयु वर्ग और लविश ने अंडर-17 आयु वर्ग में खंड स्तरीय खो-खो टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा की धाक जमाई। दोनों छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन को लेकर स्कूल में खुशी का माहौल है। वीरवार को स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने देव और लविश को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस मनाया



**सोनीपत।** भारतीय मजदूर संघ के 72वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को जिला कार्यालय सोनीपत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों और उद्योगों से जुड़े श्रमिकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन की एकता, राष्ट्र निर्माण और श्रमिक हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और संगठन के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री एवं रोहतक विभाग प्रमुख जितेन्द्र वत्स रहे, जबकि अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह ने की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य उर्वशी, जिला अध्यक्ष नीरज कुमार, जिला मंत्री रवि कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के जिलाध्यक्ष रामकुमार सरोहा, वित्त मंत्री राजेन्द्र कुमार (पब्लिक हेल्थ), द्वितीय वित्त मंत्री विनोद कुमार (पब्लिक हेल्थ), उपप्रधान मंजीत, सह संगठन सचिव राजेश, नवीन (पब्लिक हेल्थ), भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार संघ के जिला मंत्री संदीप रिडाऊ, गन्नौर ब्लॉक अध्यक्ष रवि, अनुबंधित बिजली कर्मचारी संगठन से देवेंद्र राई, रमेश फाजिलपुरिया, अशोक (गोहाना), नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग का सौंपा ज्ञापन



**खरखौदा।** संघर्ष कमेटी की तरफ से नीट परीक्षा लीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। कमेटी के पदाधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति परशुराम पार्क खरखौदा से पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उसके बाद तहसीलदार बिजेंद्र नांदल को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि एक महीने से ज्यादा समय से जंतर-मंतर पर छात्रों के शांतिपूर्ण जन आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया, छोटी बच्चियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और सैकड़ो बच्चों को बेरहमी से पीटा गया जो निंदनीय है। इस मौके पर विकेश दहिया रोहणा, केहर सिंह सिसाना , सुनील दहिया पीपली, जोरावर बरोना, इंद्रजीत राणा सोहटी, नवीन राणा, हंसराज राणा, राकेश, प्रवेश, यशु, बिजेंद्र, सोनू आदि मौजूद रहे।



### वार्ड-10 में सीवरेज व्यवस्था का विधायक और निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने वीरवार को नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार के साथ वार्ड नंबर-10 का दौरा कर सीवरेज जाम और लाइन ब्लॉकेज के कारण उत्पन्न दूषित जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम पार्षद संजय ठेकेदार और स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे। विधायक ने होली चाइल्ड स्कूल, गोविंद नगर, रूप नगर और नरेंद्र नगर सहित प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सीवरेज व्यवस्था का जायजा लिया तथा कई स्थानों पर मेनहोल के ढक्कन उठवाकर सीवर लाइन की स्थिति भी देखी। विधायक निखिल मदान ने बताया कि क्षेत्र में सुपर सकर और जेटिंग मशीनों से लगातार सीवरेज सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते होली चाइल्ड स्कूल, गोविंद नगर, रूप नगर और नरेंद्र नगर की सीवरेज समस्या का लगभग 80 प्रतिशत समाधान हो चुका है। अधिकांश गलियों से पानी निकल चुका है और मेनहोल में पानी का स्तर भी काफी नीचे आ गया है। उन्होंने अधिकारियों को सफाई अभियान और तेज करने तथा वार्ड नंबर-10 की सीवरेज समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कैंडल मार्च निकालकर शिक्षा और निजीकरण के मुद्दों पर होगा प्रदर्शन



**सोनीपत।** सीटू, सर्व कर्मचारी संघ और विभिन्न जन संगठनों की संयुक्त बैठक गुरुवार को शहीद भगत सिंह भवन स्थित सीटू कार्यालय, गोहाना रोड बाईपास फ्लाईओवर के नीचे जिला प्रधान अनीता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 24 जुलाई को बस अड्डा सोनीपत से उपायुक्त कार्यालय तक विशाल कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया गया। प्रदर्शन में छात्र, कर्मचारी, महिलाएं, किसान और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में सीटू की ओर से अनीता, सुनीता, छवि, सुमन, पूनम, सुदेश, सविता मलिक, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के नेता राजेश, राकेश, सिल्क राम मलिक, किसान सभा के प्रधान रणबीर मलिक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सदानंद सोलंकी तथा सर्व कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष राजीव खत्री विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में कहा गया कि नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी, शिक्षा व बिजली के निजीकरण तथा भारत-अमेरिका कृषि समझौते जैसे मुद्दों को लेकर कैंडल मार्च निकाला जाएगा। निर्णय लिया गया कि मार्च के बाद रात्रि पड़ाव भी डाला जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि वर्तमान परिस्थितियों पर अपने विचार रखेंगे। जिला सचिव सुनीता ने अधिक से अधिक लोगों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की।

### गुरु दक्ष प्रजापति जयंती पर 26 जुलाई को होगा सम्मान समारोह

**गन्नौर।** प्रजापति धर्मशाला, निकट गोशाला, छोटी मंडी में 26 जुलाई को गुरु दक्ष प्रजापति जयंती के उपलक्ष्य में 30वें विशाल भंडारे एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। उपप्रधान सुभाष अगवानपुर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत हवन से होगी। समारोह में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समारोह की अध्यक्षता प्रधान रणवीर सिंह करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण तथा गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान शामिल होंगे। समिति ने बताया कि हरियाणा एवं दिल्ली शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2026 की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रजापति समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### कारगिल विजय दिवस पर छात्राओं ने पोस्टरों से व्यक्त की देशभक्ति



**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस एवं कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के साहस, बलिदान और देशभक्ति को आकर्षक पोस्टरों के जरिए प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) उषा दहिया ने छात्राओं को कारगिल के शहीदों के अदम्य साहस से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आशा रानी, डॉ. निशा दहिया और डॉ. दिव्या ने किया, जबकि निर्णायक मंडल में कंचन, डॉ. सविता और डॉ. आशा शामिल रहीं। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की आरती ने प्रथम, दिव्यांशी ने द्वितीय तथा बीए द्वितीय वर्ष की यामिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीका राम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए देश के वीर शहीदों के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

### शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के आदर्शों पर चलने का आह्वान



**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का जीवन अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, त्याग और स्वाभिमान का प्रतीक है। उनके बलिदान और संघर्ष से देश की युवा पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा मिलती रहेगी। वह वीरवार को शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक पर स्प्रिंग एरा स्कूल की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मेयर राजीव जैन और स्कूल प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने "शहीद चंद्रशेखर आजाद अमर रहें" के नारे लगाकर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। मेयर ने विद्यार्थियों से अनुशासन, देशभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपने जीवन का हिस्सा बनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### कबड्डी में जैन विद्या मंदिर स्कूल का शानदार प्रदर्शन, जिला स्तर के लिए किया क्वालीफाई



**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ विद्यालय की टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। खिलाड़ियों की सफलता से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में विद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। अंडर-14 वर्ग में मनन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-17 वर्ग में वंश, आयुष, अंश, सागर, ईशान और सागर ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं अंडर-19 वर्ग में हर्ष शर्मा और कौशल के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय को प्रथम स्थान हासिल करने में सफलता मिली। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू तथा प्रबंधक समिति के सभी सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी पूरी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ खेलकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में छाए ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ी



**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ियों ने सोनीपत के ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं (एसजीएफआई ) में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। लड़कियों के ताइक्वांडो मुकाबले में खुशी, तनीषा व भव्या ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 लड़कों के एथलेटिक्स स्पर्धा के दौरान हाई जंप में वैभव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि 400 रेस में युग ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों का चयन अब जिलास्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है, जहां वे सोनीपत ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर अध्यापिका नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, पारुल, योगिंद्र, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी विजेताओं को बधाई दी, साथ ही आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### ब्लॉक स्तरीय कुश्ती में हनी का जलवा 12 स्कूलों को पछाड़ पाया पहला स्थान



**सोनीपत।** हरसाना स्थित एक अखाड़ा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता (अंडर-14) में साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के छात्र हनी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। 20 जुलाई को आयोजित इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के 12 प्रतिष्ठित विद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल से कक्षा 8वीं (वीनस सेक्शन) के छात्र हनी के शानदार दांव-पेचों के आगे कोई भी प्रतिद्वंद्वी टिक नहीं सका। साउथ पॉइंट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक मोड़ फाइनल मुकाबला रहा, जहां हनी का सामना महारानी पब्लिक स्कूल (ककरोई रोड) के खिलाड़ी से हुआ। इस खिताबी मुकाबले में हनी ने शुरुआत से ही आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। तीनों ही राउंड में हनी ने तकनीकी श्रेष्ठता हासिल करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि मैट पर हनी ने जिस तरह से अपने खेल को नियंत्रित किया, वह काबिले तारीफ है। खेल हमें मुश्किल परिस्थितियों में शांत रहकर जीतना सिखाते हैं, और हनी ने इसे साबित कर दिखाया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले मनिंदर सिंह सन्नी, संगठन पर हुई चर्चा



गन्नौर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता को बुका भेंट करते भाजपा नेता मनिंदर सिंह सन्नी।

**गन्नौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता मनिंदर सिंह सन्नी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और पार्टी की गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। मनिंदर सन्नी ने गन्नौर विधानसभा में भाजपा की गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसंपर्क अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में जुटे हैं। मनिंदर सन्नी ने भरोसा दिलाया कि गन्नौर में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

### परीक्षा के आधार पर चयन प्रक्रिया में 3 विद्यार्थियों के साथ जिले का राई ब्लॉक रहा अव्वल, गोहाना 2 विद्यार्थियों सहित सेकंड

# सुपर-100 योजना : प्रदेश में बढ़ाई गई 100 सीटों पर सोनीपत के 7 विद्यार्थियों का कब्जा, 115 ने करवाया था पंजीकरण

- 1-1 विद्यार्थी वाले सोनीपत व खरखौदा तीसरे स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शैक्षणिक पहल हरियाणा सुपर-100 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए प्रदेश में बढ़ाई गई 100 सीटों के लिए दूसरे चरण की हुई परीक्षा में जिले के 7 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। सुपर-100 मिशन के तहत प्रदेश में 400 के बजाय कुल निर्धारित 500 सीटों पर अब दाखिला प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। राजकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने के लिए अब अतिरिक्त 100 सीटों के लिए चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का लाभ मिल सके। बता दें कि प्रदेश में योजना के तहत बढ़ाई गई 100 सीटों पर 115 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में 14 जुलाई को लेवल-1 की परीक्षा में 66 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि 49 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे। इसके बाद कुरुक्षेत्र स्थित हरियाणा सुपर-100 परिसर में 19 जुलाई को लेवल-2 की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें सोनीपत के 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद जिले के 7 विद्यार्थियों ने सुपर-100 के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने का पड़ाव पार कर लिया है।

अब उक्त विद्यार्थियों की कुरुक्षेत्र स्थित सुपर-100 केंद्र में 25 जुलाई को उपस्थित होने के लिए निर्देश दिए गए हैं, जहां लेवल-3 के अंतर्गत विद्यार्थियों को विशेष रेंजिडेंशियल अकादमिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रक्रिया के पश्चात चयनित विद्यार्थियों को निशुल्क जेईई व एनईईटी जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय तैयारी के लिए कक्षाएं प्रारंभ होंगी।



सोनीपत में सुपर-100 योजना के तहत आयोजित परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी।

#### विद्यार्थियों को 25 जुलाई से कुरुक्षेत्र बुलाया गया

*सरकार ने हरियाणा सुपर-100 योजना के तहत इस वर्ष बढ़ाई 100 सीटों पर भी दाखिला प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। जिले में पंजीकरण करवाने वाले 115 विद्यार्थियों में से 7 ने अपनी मेहनत, लगन के बल पर अपना स्थान प्रशिक्षण के लिए सुनिश्चित कर लिया है। चयनित विद्यार्थियों को कक्षाएं प्रारंभ करने के लिए 25 जुलाई से कुरुक्षेत्र बुलाया गया है। यह विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर अपने जीवन में नई ऊंचाईयां हासिल कर सकेंगे।*

*-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

## खबर संक्षेप

### हरियाणा को मिली सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी

**सोनीपत।** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 के तहत आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की घोषणा करते हुए बताया कि 44वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग) का आयोजन 7 से 9 अगस्त तक पलवल स्थित सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में होगा। इस प्रतियोगिता की मेजबानी हरियाणा को मिलने से प्रदेश के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

### बीएड प्रथम वर्ष में यामिनी टॉपर

**गोहाना।** जेएलएन कॉलेज ऑफ एजुकेशन गोहाना का बीएड प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा में शीर्ष तीन स्थानों पर कॉलेज की मेधावी छात्राओं ने अपना कब्जा जमाया। संस्थान के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा के अनुसार छात्राओं ने कड़ी मेहनत से बीएड परीक्षा में अच्छे अंक लेकर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा में यामिनी पुत्री नीरज कुमार ने 78.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया।

### नीट क्वालीफाई छात्र हर्ष को किया सम्मानित

**गोहाना।** मदीना गांव में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में वीरवार को नीट क्वालीफाई मेधावी छात्र हर्ष पुत्र कर्मवीर को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य जगजीत मलिक ने की। एमडी ने कहा कि हर्ष ने परिवार व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

## सोनीपत आईटीआई की इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में सबसे ज्यादा दाखिले

# आईटीआई में दाखिले की गाड़ी पटरी पर 198 युवाओं ने पाया प्रवेश, 590 सीटें शेष


1 दूसरे चरण की प्रक्रिया प्रारंभ, 23 से 26 जुलाई तक ट्रेड व संस्थान के चयन का दिया मौका

2 नए शैक्षणिक सत्र को लेकर जिले के 12 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रक्रिया जारी

3 सोनीपत आईटीआई में इस साल 788 सीटों पर चल रही दाखिला प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिलों की दौड़ में इच्छुक विद्यार्थियों के लिए वीरवार को दूसरा चरण प्रारंभ हो चुका है। हालांकि सोनीपत आईटीआई में पहली कट आफ में स्थान पाने वाले 410 विद्यार्थियों में से 198 युवाओं ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन व फीस जमा करवाकर अपनी सीटों को सुनिश्चित किया है, लेकिन 212 विद्यार्थी अब तक दाखिला लेने में असमर्थ रहे हैं। उधर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय के निर्देश पर संस्थानों में दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। शेष सीटों को भरने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए विद्यार्थियों को 23 से 26 जुलाई तक ट्रेड व संस्थान चयन का मौका दिया गया है। उधर सोनीपत आईटीआई में प्रथम चरण की दाखिला प्रक्रिया में 25 सीटों पर दाखिलों के साथ इलेक्ट्रीशियन ट्रेड अव्वल स्थान पर है, जबकि ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन टैक्नीशियन व शीट मेटल वर्कर ड्यूल ट्रेड मात्र 1-1 सीट पर दाखिले होने से फिसड्डी नजर आ रहे हैं।



सोनीपत। हेल्प डेस्क पर दस्तावेजों का सत्यापन करवाते विद्यार्थी।

### विद्यार्थी मनपसंद ट्रेड व संस्थानों के चक्कर में उलझे

जिले के 12 आईटीआई संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि 15 जुलाई को समाप्त होने के बाद तमाम सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने के प्रयास जारी है। इस बार सोनीपत आईटीआई की 22 ट्रेड में 788 सीटों पर दाखिला पाने के लिए 2725 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। 17 जुलाई से प्रारंभ हुई दाखिला प्रक्रिया के बावजूद अब तक केवल 198 विद्यार्थियों ने दस्तावेज सत्यापन करवाकर फीस जमा करवाई है। प्रबंधन के समक्ष शेष 590 सीटों में दाखिले पूरे करने के लिए असमंजस की स्थिति दिख रही है। विद्यार्थी अपने मनपसंद ट्रेड व संस्थानों के चक्कर में उलझे हुए हैं। ऐसे में दाखिला संख्या बढ़ने का अभाव बना है।

### जल्द से जल्द अपना दाखिला सुनिश्चित करें

आईटीआई संस्थानों में प्रथम चरण की दाखिला प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए विद्यार्थियों को 26 जुलाई तक ट्रेड व संस्थान चयन का अवसर दिया गया है। फिलहाल प्रथम चरण की 410 सीटों पर केवल 198 विद्यार्थियों ने दाखिला प्रक्रिया को पूरा किया है। अब संस्थानों में शेड्यूल के अनुसार 28 जुलाई को दूसरी कट आफ जारी की जाएगी। विद्यार्थियों का आह्वान है कि वह जल्द से जल्द अपना दाखिला सुनिश्चित करें। *-विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य, आईटीआई, सोनीपत*

### दूसरे चरण का यह रहेगा आगामी शेड्यूल

| | |
|---|---|
| दूसरे राउंड के लिए खाली सीटों पर डिस्प्ले | 23 जुलाई |
| पोर्टल ऑपन फोर रीविजन ऑफ ऑप्शंस | 23 से 26 जुलाई |
| दूसरी मेरिट के आधार पर सीटें अलॉटमेंट | 28 जुलाई |
| दस्तावेजों का सत्यापन | 28 से 31 जुलाई |
| दूसरी कट ऑफ की फीस जमा करवाने की तिथि | 28 जुलाई से 01 अगस्त |

### अब तक किस ट्रेड में कितने हुए दाखिले

| ट्रेड | कुल सीटें | दाखिले | खाली सीटें |
|---|---|---|---|
| कंप्यूटर जनरल एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 48 | 12 | 36 |
| ड्राफ्ट्समैन (सिविल) | 24 | 07 | 17 |
| ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिक) | 48 | 12 | 36 |
| इलेक्ट्रीशियन | 60 | 25 | 35 |
| इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक | 48 | 12 | 36 |
| फीटर | 40 | 12 | 28 |
| ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन टैक्नीशियन | 20 | 01 | 19 |
| लिफ्ट एंड एक्केलेटर मैकेनिक | 24 | 03 | 21 |
| लीथो ऑफसेट मशीन माइंडर | 20 | 00 | 20 |
| मशीनिष्ट | 40 | 13 | 27 |
| मोटर व्हीकल मैकेनिक | 48 | 15 | 33 |
| मैकेनिक डीजल, ड्यूल | 48 | 13 | 35 |
| पेंटर जनरल | 20 | 04 | 16 |
| प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर | 40 | 03 | 37 |
| प्लंबर | 24 | 05 | 19 |
| प्लंबर, ड्यूल | 24 | 02 | 22 |
| रेफ्रिजरेटर एंड एयर कंडिशनिंग तकनीशियन | 48 | 19 | 29 |
| शीट मेटल वर्कर ड्यूल | 40 | 01 | 39 |
| स्टेनोग्राफर एंड सैक्रेट्रियल असिस्टेंट (हिंदी) | 24 | 13 | 11 |
| टर्नर | 40 | 08 | 32 |
| वेल्डर, ड्यूल | 20 | 07 | 13 |

## हंगामा करने वाले छात्र नहीं बल्कि उपद्रवी थे : डॉ. अर्चना



**सोनीपत।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन को लेकर कहा कि वहां हंगामा करने वाले छात्र नहीं, बल्कि उपद्रवी थे। विपक्ष छात्रों के कंधों पर बंदूक रखकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहा है, जबकि मोदी सरकार छात्रों के भविष्य की सुरक्षा और पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। वे एटलस रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रही थी। नीट और पेपर लीक के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने राहुल गांधी से सवाल किया कि यदि कांग्रेस वास्तव में छात्रों के हितों की चिंता करती है तो वह संसद में नीट और पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से क्यों बच रही है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस छात्रों के मुद्दों का समाधान नहीं, बल्कि उनका राजनीतिकरण कर अराजकता फैलाना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस शासनकाल में भी कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए, लेकिन तब दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके विपरीत मोदी सरकार ने परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं तथा कई मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला प्रभारी सतीश नांदल, मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ नेता देवेंद्र कौशिक, आजाद नेहरा, दिनेश अत्री, नवीन मंगला आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## व्हाइट लिली सोसायटी में बच्चों संग लगाए पौधे



**सोनीपत।** व्हाइट लिली सोसायटी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की ओर से बच्चों के साथ पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सोसायटी परिसर में 11 बॉटल पाम और 17 सजावटी पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण बचाने का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी निवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष बी.के. बूरा, महासचिव संतोष राठी, उपाध्यक्ष मेजर सिंह, संयुक्त सचिव वीरेंद्र पाल सहगल तथा सोसायटी के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने का निर्णय लिया।

## खेलों से जीवन में आता अनुशासन : देवेन्द्र



**गोहाना।** भैंसवाल कलां गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक खंड कथूरा की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलों में खंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता करके अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। खेलों के लिए मार्गदर्शन खंड शिक्षा अधिकारी लवल किशोर का रहा। मुख्य अतिथि भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) प्रोटोकॉल कमेटी के चेयरमैन देवेंद्र शर्मा रहे जिन्होंने खिलाड़ियों को लगन के साथ मेहनत करने और लक्ष्य के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। खेलों से युवाओं में टीम वर्क, अनुशासन, और नेतृत्व क्षमता जैसे आवश्यक गुण विकसित होते हैं जो उनके समग्र विकास में सहायक होते हैं। इस मौके पर मास्टर नरेश मलिक सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## सोनीपत समाज पंचायत ने विधायक मदान के समक्ष उठाई जनसमस्याएं

**सोनीपत।** सोनीपत समाज पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सोनीपत के विधायक निखिल मदान से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। बैठक में गीता भवन क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे विद्युत भार को देखते हुए नया बिजली ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। विधायक निखिल मदान ने इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बरसात के मौसम को देखते हुए शहर के सभी नालों की नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित कराने की मांग भी रखी, ताकि जलभराव और गंदगी की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

# महिला विवि में अल्कोहल एनालाइजर की सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

- कुलपति एवं कुलसचिव ने ली जानकारी, परिसर में शराब पीकर आने वालों को दी चेतावनी

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं अनुशासित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुरक्षा कार्यालय द्वारा अल्कोहल एनालाइजर खरीदा गया है। इस उपकरण के माध्यम से आवश्यकता पडऩे पर किसी भी व्यक्ति की शराब के सेवन की जांच की जा सकेगी। कुलपति प्रो. सुदेश एवं कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने मुख्य सुरक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा से अल्कोहल एनालाइजर के उपयोग और संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विवि परिसर में सुरक्षित, अनुशासित एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना विवि की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विवि परिसर में किसी भी कर्मचारी, विद्यार्थी, आगंतुक अथवा अन्य व्यक्ति को शराब पीकर आने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने सभी से विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करने तथा परिसर की गरिमा बनाए रखने की अपील की। मुख्य सुरक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने अल्कोहल एनालाइजर के संचालन का प्रदर्शन किया। उनके अनुसार आधुनिक तकनीकों से लैस यह उपकरण जांच के दौरान फोटो भी निकालता है और इंटरनेट से कनेक्टिविटी भी इस उपकरण की खूबी है।



### भावी शिक्षकों के लिए हुई प्री-इंटर्नशिप कार्यशाला

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के शिक्षा विभाग में प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) एवं विद्यालय सहभागिता समिति के तत्वावधान में भावी शिक्षकों के लिए कक्षा से समुदाय तक विषय पर प्री-इंटर्नशिप कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-अध्यापकों को विद्यालयी इंटर्नशिप से पूर्व विभिन्न शिक्षण कौशलों का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें प्रभावी, रचनात्मक एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण के लिए तैयार करना है। कार्यशाला के प्रथम दिन प्रो. पूनम ने प्रश्न कौशल पर व्याख्यान देते हुए महान दार्शनिक सुकरात के विचारों एवं प्रश्न पूछने की कला से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि प्रभावी प्रश्न विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक चिंतन और सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा देते हैं। इसके पश्चात डॉ. सुशील कुमार ने प्रस्तावना कौशल पर अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए। दूसरे दिन प्रो. रीना ने व्याख्या कौशल के विभिन्न घटकों का विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण देते हुए कहा आपकी भाषा जितनी सरल होगी, बच्चे उतनी ही तेजी से सीखेंगे। वहीं प्रो. सरला ने उदाहरण कौशल पर व्याख्यान दिया। तीसरे दिन विभागाध्यक्ष प्रो. वरुणा तेहलान दहिया ने उद्दीपन परिवर्तन (स्टिमुलस वेरिएशन) कौशल पर विस्तार से चर्चा की। मार्गदर्शन शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. वरुणा तेहलान दहिया ने किया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय की डीन प्रो. अनु बल्हारा और विभाग के शिक्षक व छात्राएं उपस्थित रहे।

## अमर शहीद चंद्रशेखर के आदर्श युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक : मानसी गौर



**गन्नौर।** महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर गन्नौर बार परिसर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बार एसोसिएशन के प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें सीनियर डिवीजन जुडिशियल मजिस्ट्रेट मानसी गौर तथा सिविल जज जूनियर डिवीजन सागर शर्मा ने आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके राष्ट्रप्रेम, साहस तथा बलिदान को नमन किया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मानसी गौर ने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन हमें सत्य, साहस, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श आज भी समाज और युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संविधान और कानून की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन त्याग, समर्पण और अदम्य साहस का प्रतीक है। समारोह में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

## विधायक कादियान ने सांदल कलां नवादा में कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव सांदल कलां नवादा में लगभग 85 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गांव की एक चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने नारियल फोड़कर कार्यों की शुरुआत की। ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की कई समस्याओं से विधायक को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। विधायक ने 17.50 लाख रुपए की लागत से बनी चौपाल का उद्घाटन किया। इसके अलावा 7 लाख रुपए की लागत से प्रवीन के खेत से प्रमोद तक बने नाले, 7.50 लाख रुपए की लागत से खेतों के रास्ते, 16 लाख रुपए की लागत से सरकारी स्कूल में इंटरलॉक टाइल लगाने के कार्य और 14 लाख रुपए की लागत से श्मशान घाट में बरामदा, कमरा व इंटरलॉक टाइल निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया। इसके साथ ही 12.02 लाख रुपए की लागत से मुख्य बस स्टॉप से सब हेल्थ सेंटर तक बनने वाले नाले तथा 10 लाख रुपए की लागत से प्रमोद के खेत से श्मशान घाट तक बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

## पेपर लीक और जनसमस्याओं से लोग परेशान: दिवान

- पेपर लीक पर सरकार को घेरने की रणनीति, कांग्रेस भवन में संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत




सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में वीरवार को सोनीपत, गुरुग्राम व झज्जर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक हरियाणा कांग्रेस के सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल की अध्यक्षता में हुई, जबकि शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से बैठक में शामिल रहे। बैठक में विशेष रूप से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात, पेपर लीक प्रकरण और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी मंथन किया। कांग्रेस के सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल ने कहा कि प्रदेश में लगातार ऐसे मुद्दे सामने आ रहे हैं, जिनसे आम जनता, किसान, युवा और कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, पेपर लीक, महंगाई और अन्य जनसमस्याओं से लोग परेशान हैं, लेकिन सरकार समाधान देने में विफल रही है। बैठक में झज्जर के विधायक बीबी बत्रा, जिला प्रभारी विजेंद्र अन्ना, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, गपंकज डावर, जयभगवान अंतिल, सुनील दहिया, विजेंद्र कौशिक, जगदीश राठी, अशोक त्यागी आदि रहे।

## दमकल कर्मचारी आज जलाएंगे जॉब सिक्योरिटी पत्र की प्रतियां

**सोनीपत।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर 24 जुलाई को सेक्टर-3 स्थित मुख्य दमकल केंद्र में हरियाणा सरकार द्वारा जारी जॉब सिक्योरिटी संबंधी पत्र की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद सरकार के नाम ज्ञापन दमकल केंद्र अधिकारियों और स्टेशन इंचार्ज के माध्यम से सौंपा जाएगा। यूनियन के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान राजीव खत्री ने बताया कि 20 जुलाई को जारी जॉब सिक्योरिटी पत्र 13 मई 2026 को हुए द्विपक्षीय समझौते की भावना के विपरीत है। उनका कहना है कि समझौते में पे-रोल फायरमैन और चालकों को नियमित सरकारी नौकरी देने, शहीद दमकल कर्मियों के आश्रितों को 50-50 लाख रुपये की सहायता और एक सदस्य को नौकरी, वेतन एरियर, जोखिम भत्ता, वर्दी भत्ता तथा अन्य मांगों को 30 जून तक लागू करने पर सहमति बनी थी। यूनियन का आरोप है कि सरकार नियमितीकरण से पीछे हट गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

**धर्म-कर्म** कल से चार माह के लिए योग निंद्रा में जाएंगे पालनहार, महादेव सृष्टि के संचालन का संभालेंगे प्रभार

# देवशयनी एकादशी के साथ प्रारंभ होगा चातुर्मास

## इस वर्ष 119 दिन रहेगी अवधि, व्रत, साधना, जप-तप, ध्यान, पवित्र नदियों में स्नान व दान का रहेगा महत्व

*मांगलिक कार्य होंगे वर्जित*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


इस वर्ष आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 25 जुलाई से देवशयनी एकादशी के दिन चातुर्मास की शुरुआत होगी। एकादशी के दिन भगवान विष्णु सृष्टि के संचालन का कार्यभार देवाधिदेव महादेव को सौंप योगनिद्रा में जाएंगे। चातुर्मास में सृष्टि के संचालन का दायित्व भगवान महादेव संभालेंगे। चातुर्मास के 4 माह में होने वाले मांगलिक कार्य पूर्ण रूप से वर्जित रहेंगे। व्रत, साधना, जप-तप, ध्यान, पवित्र नदियों में स्नान व दान का विशेष महत्व रहेगा।

### देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व

पंडित अमित शौनक व आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा के अनुसार सनातन धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं। देवशयनी एकादशी के दिन सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि योग के संयोग में चातुर्मास प्रारंभ होंगे। देवशयनी एकादशी को हरिशयनी व पद्मा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। भगवान विष्णु के 25 जुलाई को 4 माह के लिए शयन मुद्रा में जाने से चातुर्मास में विवाह, लगन, मुंडन, जनेऊ, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य वर्जित होंगे, क्योंकि यह कार्य शुभ मुहूर्त व शुभ तिथि के अनुसार ही किए जाते हैं। ऐसे में यह कार्य देवउठनी एकादशी से पुनः प्रारंभ होंगे। इस अवधि में भगवान विष्णु राजा बलि के पाताल लोक में निवास करते हैं। चार माह बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी, यानि देवउठनी एकादशी 20 नवंबर के दिन पुनः जागृत होंगे। इस बार चातुर्मास की समय अवधि 25 जुलाई से प्रारंभ होकर 20 नवंबर तक 119 दिन की रहेगी। देवशयनी एकादशी पर अन्न दान को श्रेष्ठ माना गया है। ऐसे में इस दिन दाल, चावल, आटा, घी, गुड़, नमक, फल व सब्जियों का दान किया जा सकता है।



अमित शौनक।



डॉ. मनमोहन मिश्रा।

### *एकादशी तिथि पर श्रीहरि की पूजा देगी शुभ फल*

*देवशयनी एकादशी तिथि 24 जुलाई सुबह 9:13 बजे प्रारंभ होकर 25 जुलाई सुबह 11:35 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार देवशयनी एकादशी का व्रत 25 जुलाई को रखा जाएगा। एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि के संयोग में भगवान विष्णु की पूजा की जाएगी। इस संयोग में पूजा-पाठ व दान से शुभ फल की प्राप्ति होगी। शास्त्रों के अनुसार हर शुभ कार्य में भगवान गणेश जी के साथ विष्णु जी का आह्वान किया जाता है। चातुर्मास में सूर्य, चंद्रमा व प्रकृति का तेज कम हो जाता है। चातुर्मास में साधु-संत तीर्थ यात्रा करने की बजाय अधिकतर समय मौन व्रत का पालन करते हैं।*

### यह रहेगा शुभ मुहूर्त

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त : | सुबह 4:17 से 6:10 बजे |
| अभिजीत मुहूर्त : | दोपहर 12:00 से 12:55 बजे |
| संध्या मुहूर्त : | शाम 7:17 बजे से रात 8:19 बजे |
| एकादशी का पारण : | 26 जुलाई को सुबह 5:40 से 8:20 बजे |

### चातुर्मास में ले सकते हैं कोई एक नियम

- बल व मान-सम्मान में वृद्धि के लिए सुबह ल्दी उठकर सूर्यदेव की पूजा-अर्चना करें।
- मानसिक शांति के लिए एक स्थान पर रहकर ध्यान लगाएं, ओम नमो नारायणाय जाप से भगवान विष्णु की आराधना करें।
- व्रतधारी सामर्थ्य के अनुसार एक समय भोजन कर सकते हैं।
- तेल, साबुन, जूते, चप्पल, झूठ, पाप का त्याग कर सकते हैं।
- नौकरी व व्यवसाय संबंधी परेशानी के लिए अन्न, कपड़े, कपूर, चप्पल व छाते का दान करें।
- सुख-शांति के लिए पशु-पक्षियों के लिए छत पर जल की व्यवस्था करें।
- कर्ज संबंधी समस्या के लिए अन्न व जरूरतमंद की सहायता करें।

-पवित्र नदियों में स्नान के बाद दान करना, जरूरतमंदों व साधु-संतों को भोजन करना शुभ फलदायी रहेगा।